पावर हाउस में बनने वाले प्रगति मार्केट में बेहतर खाद्य उत्पाद की उपलब्धता के लिए महिलाएं कर रही है तैयारी, निगम सभागार में दी गई महिलाओं को विस्तृत जानकारी

भिलाईनगर। महिलाओं के लिए विशेष तौर पर बनाए जा रहे पावर हाउस के समीप प्रगति मार्केट में शहरवासियों को बेहतर खाद्य के प्रोडक्ट उपलब्ध कराने के लिए आज निगम सभागार में महिलाओं के द्वारा की जा रही तैयारियों को लेकर बैठक हुई! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर आज निगम सभागार में उपायुक्त तरुण पाल लहरें ने सिटी लेवल फेडरेशन की महिलाओं की बैठक ली! 10 से अधिक महिला स्व सहायता समूह को मिलाकर एक एरिया लेवल फेडरेशन का निर्माण होता है और इसी प्रकार से सिटी लेवल फेडरेशन बनाया जाता है! अधोसंरचना मद, डीएमएफ एवं महापौर निधि की राशि करीब एक करोड़ 48 लाख की लागत से बनने वाला प्रगति मार्केट पूरी तरह से महिलाओं के लिए होगा जहां महिला समूह अपने उत्पादों का विक्रय करेंगी। महापौर श्री देवेन्द्र यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल प्रगति मार्केट मे पंजीकृत महिला समूहों द्वारा निर्मित किए जाने वाले विभिन्न उत्पाद जैसे साबुन , निरमा, कपड़े के थैले , सजावटी सामान, हस्तशिल्प, चिप्स, पापड़, फिनाइल, चटाई, कपड़े इत्यादि को विक्रय करने का एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। स्थल में डोम शेड का भी निर्माण किया जाएगा , जहां महिलाओं को सामान निर्मित करने स्टॉल प्रदान किया जाएगा। किसी भी स्टॉल में महिला समूह का एकाधिकार नहीं रहेगा न्यूनतम शुल्क के साथ तय सीमा के लिए इसे प्रदान किया जाएगा ताकि सभी महिला समूह को यहां पर व्यवसाय करने का मौका मिल सके , इसे रोटेशन के आधार पर किया जाएगा। निगम द्वारा संचालित सीएलएफ, एलएलएफ और एसएसजी की महिलाएं अपने उत्पादों का विक्रय कर सकेंगी।! प्रगति मार्केट में गजीबों, आवागमन के लिए सड़क, पेवर ब्लॉक, मुख्य द्वार का निर्माण, हरा-भरा वातावरण के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे, छाया के लिए शेड, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए पृथक-पृथक शौचालय निर्माण एवं कैंटीन का निर्माण किया जाएगा! बैठक में अधीक्षण अभियंता आरके साहू , उपायुक्त तरुण पाल लहरें, एकता शर्मा,फणींद्र बोस, नलिनी तनेजा एवं सिटी लेवल फेडरेशन की महिलाएं उपस्थित रही!